लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1380
दिनांक 14.12.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

हस्तशिल्प निर्यात

1380. डॉ भारतीबेन डी श्याल:
श्री शंकर लालवानीः

क्या वस्त्र मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) विगत दो वर्षों में हस्तशिल्प उत्पादों के निर्यात की मात्रा का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

ख) उस प्रक्रिया का ब्यौरा क्या है जिसके माध्यम से अधिकतम कारोबार किया गया और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से कितना कारोबार किया गया; और

ग) हस्तशिल्प व्यवसाय के कारोबार को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री
(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क) एवं (ख): विगत दो वर्षों में ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से किए गए कारोबार सहित हस्तशिल्प उत्पादों के निर्यात का ब्यौरा अनुलग्नक-I पर है।

(ग): वस्त्र मंत्रालय कारीगरों को प्रत्यक्ष विपणन मंच प्रदान करने के लिए घरेलू के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय बाजार दोनों में विपणन कार्यक्रम आयोजित करता है। वित्तीय वर्ष 2020-21 एवं वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल 397 घरेलू एवं 55 अंतर्राष्ट्रीय विपणन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अनुलग्नक- I

दिनांक 14.12.2022 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1380 के भाग (क) एवं (ख) के उत्तर में विनिर्दिष्ट अनुलग्नक।

विगत दो वर्षों में हस्तशिल्प उत्पादों के निर्यात की मात्रा का वर्ष-वार ब्यौरा।

मदें	करोड़ रुपए में		यूएस मिलियन डॉलर में	
	2020-21	2021-22	2020-21	2021-22
	(अप्रैल-मार्च)		(अप्रैल-मार्च)	
कलात्मक धातु पात्र	3,344.01	4,179.83	450.52	560.58
काष्ठ पात्र	6,620.85	7,891.24	892.00	1,058.34
हेंडप्रिंटेड वस्त्र	2,463.99	2,995.76	331.96	401.78
कशीदाकृत और क्रोशिए की वस्तुएँ	4,399.77	5,674.17	592.76	761.00
कलात्मक शॉलें	2.39	7.95	0.32	1.07
ज़री और ज़री की वस्तुएँ	120.10	104.16	16.18	14.01
कृत्रिम आभूषण	1,250.37	1,660.52	168.46	222.70
अगरबत्ती और इत्र	1,214.86	1,587.86	163.67	212.96
विविध हस्तशिल्प	6,263.64	8,315.41	843.87	1,115.23
कुल	**25,679.98**	**32,417.20**	**3,459.74**	**4,347.67**

स्रोत: वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआई एण्ड एस).

*****